# पीएम मोदी के संकल्प पर दिल्ली वासियों ने लगाई मोहर : प्रेम कुमार धूमल

**प्रेस विज्ञप्ति**

**▶▶प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प पर आखिरकार दिल्ली वासियों ने भी अपने मोहर लगा दी है।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर** : हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम कुमार धूमल ने शनिवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प पर आखिरकार दिल्ली वासियों ने भी अपने मोहर लगा दी है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत केंद्र की मोदी सरकार की



लोकप्रियता को दशार्ती है। उन्होंने कहा कि जब से देश की बागडोर मोदी जी ने संभाली है, तब से देश विकास की नई गाथा लिख रहा है।

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर दी प्रतिक्रिया

उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने काफी समय तक राज किया, लेकिन उन्होंने भ्रष्टाचार के अलावा जनता को कुछ नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि आखिरकार दिल्ली की जनता ने भी केजरीवाल को आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें बनी हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार अपना संकल्प धरातल पर उतारा है, उससे आम जनमानस काफी प्रभावित हुआ है। जहां विकास की गति बढ़ी है, वहीं विश्व पटल पर भी भारत को एक नई पहचान मिली है।

धूमल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब-जब भाजपा की सरकार सत्ता में आई है, प्रदेश के विकास को नए पंख लगे हैं।उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में प्रदेश वासियों ने कांग्रेस को सत्ता में आने का मौका जरूर दिया, लेकिन प्रदेश कांग्रेस सरकार जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने कहा कि आए दिन पैसा ना होने का रोना कांग्रेस सरकार के नेता रोते रहते हैं, जबकि फिजूलखर्ची की बात आती है तो अपने चहेतों को उच्च पदों पर बिठाने से कोई परहेज नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियां सदैव जनता विरोधी रही हैं एवं उन्हें आम जनमानस से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जिस प्रकार भाजपा ने प्रचंड बहुमत हासिल किया है, उससे आम आदमी पार्टी को तो झटका लगा ही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी की तो लुटिया ही डूब गई है।उन्होंने कहा कि स्वयं को देश की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाली कांग्रेस की देश की राजधानी में एक भी सीट नहीं आई है, जोकि जनता में कांग्रेस की छवि को दशार्ता है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश और नए आयाम स्थापित करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में जहां देश आर्थिक तौर पर सुदृढ़ हुआ है, वहीं आम जनमानस से जुड़े मुद्दों को भी केंद्र सरकार ने समय-समय पर सुलझाया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने से अब राजधानी में रुके हुए विकास को नई गति मिलने जा रही है।

# स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान के मंडी को बनाना है नंबर एक : राणा

**बैठक**

**▶▶इस बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए विभित्र प्रक्रियाओं पर क्रमबद्ध चर्चा की गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** :नगर निगम मंडी के आयुक्त एचएस राणा की अध्यक्षता में स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान के शुभारंभ से पूर्व एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए विभित्र प्रक्रियाओं पर क्रमबद्ध चर्चा की गई। बैठक के दौरान, अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले विभिध कार्यों एवं गतिविधियों पर विस्तृत रूप से विचार किया गया और सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से इस आयोजन की सफलता के लिए अपने सुझाव दिए । इसके आधार पर रणनीति तैयार की गई, जिससे अभियान का उद्देश्य पूरी तरह से साकार हो सके और शहर में स्वच्चाता तथा समृद्धि का वातावरण उत्पन हो।बैठक में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अभियान के विभिन पहलुओं पर दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि अभियान के हर चरण को पूरा किया जा सके और सभी सामुदायिक भागीदारों का सक्रिय सहयोग प्रास हो । आयुक्त ने इस अवसर पर सभी से अभियान के उद्देश्यों को लेकर पूरी तरह से समर्पित रहने की अपील की और कहा कि हमें मिलकर इस अभियान को सफल बनाना है ताकि हमारा शहर स्वच्छ और समृद्ध बन सके।इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार ने कहा कि 60 दिनों तक इस अभियान का दैनिक आधार पर संचालन करेंगे।इस बैठक में विजय कुमार अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम मण्डी, अनुभाग अधिकारी गुलेरिया, शहरी मिशन प्रबंधक विशाल शर्मा, स्वच्छ भारत मिशन समन्वय अमित कुमार, सफाई पर्यवेक्षक गुलिरेया व विनय,करण वर्मा, वरूण भारद्वाज, हरीन उपस्थित रहे।

# पूं□छात्र संसद में बोले पठानियां विचारों में भिन्नता के बावजूद भी लोकतन्त्र तथा संविधान मजबूत

**छात्र संसद**

**▶▶पठानियां ने कहा कि राष्ट्र संघ व राज्य से बनता है लेकिन संघ लगातार राज्य की अनदेखी कर रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला** : महाराष्ट्र प्रोद्योगिकी संस्थान वर्ल्ड पीस विश्वविद्यालय में आयोजित 14वें अखिल भारतीय छात्र संसद को सम्बोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि भारतीय राजनितिक दलों तथा राजनेताओं के विचारों में भिन्नता के बावजूद भी भारतीय लोकतन्त्र तथा संविधान मजबूत तथा सर्वोपरी है। समय झ समय पर विचारों में परिवर्तन आना, क्रान्तिकारी बदलाव सभी सुशासन को मजबूती प्रदान करने के कारक हैं। पठानियां ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम रहा है। देश को आजादी दिलाने में अलग-अलग विचारधाराओं ने कार्य किया है। इतिहास गवाह है भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरू सरीखे नेता गरम दल के थे जबकि महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, आचार्य कृपलानी जैसे नेता शांति के अग्रदूत थे लेकिन सभी का मकसद देश को आजाद कराना था।

पठानियां ने कहा कि हमारे देश में भिन्न-भिन्न राजनितिक दल तथा राजनितिक विचारधाराएं है लेकिन सभी का मकसद जनहित, मजबूत लोकतन्त्र, राष्ट्र निर्माण है तथा पारदर्शी सुशासन प्रदान करना है।





छात्रों को सम्बोधित करते हुए पठानियां ने कहा कि हमें इतिहास को आगे नहीं ले जाना है बल्कि इतिहास बनाना है। अगर हम बदलाव की बात करें जब भारत आजाद हुआ तब भारत की आवादी 34 करोड़ थी लेकिन अब यह बढकर 134 करोड़ हो गई है। जिससे भारत पर जहाँ आर्थिक बोझ बढा है वहीं संसाधन भी कम हो रहे हैं। पठानियां ने कहा कि राष्ट्र संघ व राज्य से बनता है लेकिन संघ लगातार राज्य की अनदेखी कर रहा है तथा संसाधनों का बंटवारा भी उचित अनुपात में नहीं हो रहा है। उन्होने संघ से आग्रह किया कि वह राज्यों को पोषित करे तथा उनका समुचित हिस्सा उन्हें समय पर दे। छात्र संसद में वाम,दक्षिण या अदृश्य भारतीय राजनीति में विचारधाराएं विषय पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलदीप सिंह पठानियां ने कहा कि एम0 आई0 टी0 स्कूल ऑफ गवर्नमेंट (भारत में राजनीतिक नेतृत्व का प्रथम विद्यालय) के मुख्य प्रर्वतक तथा संस्थापक डॉ0 राहुल करड़ ने राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन, भारतीय छात्र संसद, राष्ट्रीय अध्यापक काँग्रेस, राष्ट्रीय महिला संसद तथा सरपंच संसद के आयोजन की पहल कर लोकतन्त्र की मजबुती की अलख जगाई है। उनके इस काम के दूरगामी परिणाम होंगे तथा राजनीतिक विचारधारा में एक क्रांतिकारी तथा डिजिटल बदलाव आएगा जो भारत को वैश्विक बदलाव के साथ आगे ले जाने के लिए प्रेरित करेगा। इस कार्यक्रम में देश भर के विभिन्न संस्थानों के दस हजार से अधिक विद्यार्थी मौजूद थे जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण, मजबुत लोकतन्त्र तथा पारदर्शी सुशासन के ध्वजवाहक बनेंगे। पठानियां ने कहा कि भारतीय छात्र संसद छात्रों को संगठित करने, प्रजातांत्रिक कार्यप्रणाली का ज्ञान विस्तार आने वाली पीढी के नेताओं को नेतृत्व गुणवत्ता प्रदान करने तथा उनमें सत्यनिष्ठा एवं सक्षमता के मुल्य की अनुप्रेरणा कर नेतृत्व निर्माण करेगा जो भारत में बदलाव का मूल कारण बनेगा।

## किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मेडल जीतने वाले खिलाडियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** :

मंडी जिला के चार खिलाडि?ों ने सिल्वर व ब्रॉन्ज पदक हासिल कर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में मंडी जिला के चार खिलाडि?ों ने सिल्वर व ब्रॉन्ज पदक हासिल कर प्रदेश सहित मंडी का नाम रोशन किया है। इन खिलाडि?ों का चयन अब अंतरास्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है जिसको लेकर नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट शर्मा सहित बैहना वार्ड के पार्षद कृष्ण भानू ने चारों खिलाडि?ों का भव्य स्वागत किया।

# घर बनाने और सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए पीएनबी देगा लोन

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** : पंजाब नैशनल बैंक की ओर से सात और आठ फरवरी को प्रदर्शनी ग्राउंड ढालपुर कुल्लू में हाउसिंग लोन एवं एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस का शुभारम्भ उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने रिबन काटकर किया।

उपायुक्त ने यहाँ उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर खरीदने और सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा



करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार भी सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने तथा सतत ऊर्जा संसाधनों को विकसित करने पर काफी अधिक प्रोत्साहन दे रही है। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय मंडी के प्रमुख अजीत कुमार पटनायक ने कहा कि मकान बनाने के लिए ऋण और सूर्य घर योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए ऋण लेने के इच्छुक लोगों की सुविधा के लिए एक्सपो आयोजित किया जा रहा है। मंडल प्रमुख अजीत पटनायक ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य कुल्लू जिले के लोगों को किफायती दरों पर होम लोन उपलब्ध करवाना है।

पंजाबनैशनल बैंक का हाउसिंग लोन 8.40 प्रतिशत ब्याज दर और सूर्य घर योजना के तहत घर की छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए ऋण सात प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध है। एक्सपो के दौरान इस तरह के ऋण को त्वरित स्वीकृति प्रदान की जाएगी और विशेष ऑफर एवं छूट भी दी जाएगी। इस अवसर पर सहायक आयुक्त शशि पाल नेगी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक राजेंद्र कुमार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

# बीबीएमबी के खिलाफ मजदूरों ने निकाली आक्रोश रैली

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** :हिमाचल प्रदेश के मंडी में बीबीएमबी के छंटनी किए गए मजदूरों ने रैली निकाली।

बीएसएल प्रोजेक्ट में काम करने वाले इन मजदूरों ने अपनी कई गंभीर मांगों को लेकर इस दौरान प्रदर्शन किया। हाल ही में श्रम अदालत चंडीगढ़ ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें 1-5 साल तक काम करने वाले मजदूरों को 25,000 रुपये और 5 साल से अधिक सेवा देने वालों को 50,000 रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मजदूर यूनियन का कहना है कि यह राशि बहुत कम है और इसे बढ़ाया



जाना चाहिए।यूनियन ने 6 तारीख को राज्य और केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपा है।

नेताओं का कहना है कि अधिकांश मजदूर अब 60 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं। कई श्रमिकों ने प्रोजेक्ट के दौरान अपनी जान गंवाई या विकलांग हो गए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रैली को सीटू सचिव राजेश शर्मा, परस राम और जीतराम ने संबोधित किया।

# ग्राम पंचायत चनौन को मिला अटल ज्ञान केंद्र, विधायक शौरी ने किया जनता को पुस्तकालय भवन समर्पित



**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू** :ग्राम पंचायत चनौन के अंतर्गत घर्टगाड़ में शुक्रवार को बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने पुस्तकालय भवन का उद्घाटन कर अटल ज्ञान केंद्र जनता को समर्पित किया। इस पुस्तकालय के खुलने से घर्तगाड़ में तीन पंचायत के युवाओं को एक उपयोगी संसाधन की सुविधा प्राप्त होगी। इससे पूर्व गत वर्ष इसी स्थान पर ग्राम पंचायत चनौन के लिए कॉमन सर्विस सेंटर की भी विधायक सुरेंद्र शौरी ने सौगात दी थी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत प्रधान चेत राम ठाकुर ने कहा कि विधायक सुरेंद्र शौरी जी द्वारा पंचायत कार्यों में समय समय पर वित्तपोषण किया जाता रहा है व उनकी देन से ही आज पुस्तकालय की भी पंचायत में शुरूआत की गई है। पुस्तकालय के उद्घाटन के अवसर पर विधायक शौरी ने कहा कि यह देखकर गर्व हो रहा है कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत हो रही है। हमें विश्वास है कि यह पुस्तकालय हमारे ग्रामीणों के लिए एक उपयोगी संसाधन सवित होगा।विधायक शौरी ने कहा है कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी व आगामी समय में भी पंचायत स्तर पर विकास कार्यों के लिए वे वित्तपोषण करते रहेंगे। इसके साथ ही स्थानीय पंचायत के सभी महिला मंडलों व युवक मंडलों को छोटी रोजमर्रा की जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराने के लिए विधायक ने वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की है।इस अवसर पर स्थानीय बीडीसी सदस्य डूर सिंह, स्थानीय पंचायत प्रधान चेत राम व उप प्रधान ज्ञान सिंह व साथ लगती पंचायतों से प्रधान विजय ठाकुर, मनीष ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, शेतू देवी, नीलम कुमारी, पुष्पा ठाकुर, लाल चंद ठाकुर, पूर्ण चंद सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्ति: आचार्य शिव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : उपतहसील जोल के तहत ग्राम पंचायत कठोह के बाबा बालक नाथ मंदिर में समस्त गांववासियों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन भागवत आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने लोगों को कथा सुनाई। शिव कुमार शास्त्री ने कहा कि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सुनने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत कथा का बैठकर श्रवण करना चाहिए।

# भाजपा द्वारा स्वीकृत कार्यों पर अपने नाम की शिला पट्टिका लगाकर चले गए सीएम: शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**निराशाजनक**

**▶▶रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के दौरे को निराशाजनक करार दिया है**

**बिलासपुर** : श्री नयना देवी जी के विधायक एवं प्रदेश भाजपा मीडिया संयोजक रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के दौरे को निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष से भी अधिक समय के बाद मुख्यमंत्री के श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के पहले सरकारी कार्यक्रम से क्षेत्रवासियों ने बड़ी उम्मीदें लगा रखी थीं, लेकिन वह भाजपा कार्यकाल में शुरू किए गए विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास करके चले गए। श्री नयना देवी जी का विधायक होने के नाते वह क्षेत्र की समस्याओं और जनता की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखना चाहते थे, लेकिन सरकारी कार्यक्रम होने के बावजूद उन्हें निमंत्रण तक नहीं दिया गया।

रणधीर शर्मा ने कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री ने श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र में कुछ सडकों तथा पेयजल और सिंचाई योजनाओं के उद्घाटन शिलान्यास किए। इन सभी के लिए पैसा या तो भाजपा सरकार के समय स्वीकृत हो चुका था, या फिर उन्हें केंद्र सरकार के सहयोग से करवाया गया। गलुआ.चलैला, बाग मैहला तथा गोड़ी.सायर सडकों को नाबार्ड से पैसा भाजपा सरकार के समय दिया गया था। इसी तरह प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत दयोथ.लागघाट.जामली सडक के लिए भी भाजपा के समय बजट का प्रावधान कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने इनका उद्घाटन करके केवल अपने नाम की पट्टिकाएं लगाने का काम किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने नवगांव.बैरी सडक का शिलान्यास भी किया। इसके लिए 79.25 करोड़ रुपये भी सेंट्रल रोड फंड से मंजूर हुए हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि नकराणा पंचायत में पेयजल योजना, समोग.मलोथी सिंचाई योजना तथा श्री नयना देवी जी में सीवरेज योजना पर भी मुख्यमंत्री अपने नाम की पट्टिकाएं लगा गए। इनके लिए भी भाजपा कार्यकाल में ही पैसा मंजूर हो चुका था। मुख्यमंत्री बनने के दो वर्ष से भी अधिक समय के बाद वह पहली बार श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र में सरकारी कार्यक्रम में पहुंचे। क्षेत्र की जनता ने उनसे कई बड़ी सौगातों की उम्मीद लगा रखी थी, लेकिन लोगों को हर स्तर पर मायूसी ही हाथ लगी है। कदम.कदम पर व्यवस्था परिवर्तन का राग अलापने वाली इस सरकार में व्यवस्था में केवल इतना परिवर्तन आया है कि सरकारी कार्यक्रमों में संबंधित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने की जहमत भी नहीं उठाई जा रही है।

# बांस की खपच्चियों से मंदिरों के मॉडल बनाने वाले शिल्पी तेज राम नहीं रहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** : बांस की खपच्चियों से बेहद आकर्षक और सटीक शैली के मॉडल बनाकर प्रदेश भर में इनको लोकप्रिय करने वाले तेज राम सोनी नहीं रहे। उनके निधन से प्रदेश में बांस शिल्प का एक अध्याय बंद हो गया। 76 साल के तेज राम सोनी मंडी जिले के करसोग उपमंडल में आने वाले ऐतिहासिक कस्बे पांगणा के रहने वाले थे और शुक्रवार को लंबी बीमारी के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। 1990 में तेज राम सोनी ने बांस की खपच्चियों को फेवीकोल से जोड़ जोड़ कर सबसे पहले अपने कस्बे के प्राचीनतम महामाया कोट का मॉडल बनाया और यह इस कारण से लोगों को बेहद पसंद आया क्योंकि यह मॉडल हू ब हू शैली को परिलक्षित करता था। इसके बाद उसने मंडी के घंटाघर, पराशर समेत कई प्राचीन मंदिरों के मॉडल बनाए और वह इतनी निपुणता के साथ तैयार किए कि इसकी पैमाइश में जरा सा भी अंतर नजर नहीं आता था। इसी बीच तेज राम सोनी के मॉडलों के बारे में जब मंडी के तत्कालीन उपायुक्त तरूण श्रीधर को पता चला तो उन्होंने उसके मॉडल देखे और वह इतने प्रभावित हुए कि उस वक्त शिवरात्रि मेले की सभी स्मृति चिह्न जो वीआईपी को दिए जाते थे उनसे तैयार करवाए व उन्हें लाखों



का काम दिया। इससे तेज राम सोनी को इतनी ख्याति मिली कि उन्होंने अपना पारंपरिक पुश्तैनी सुनार का काम छोड़ कर परिवार सहित बांस की खपच्चियों से मॉडल बनाने को ही अपना मुख्य व्यवसाय बना लिया। उनके मॉडलों की इतनी मांग हो गई कि वह उसे पूरा भी नहीं कर पा रहे थे। उद्योग व शिल्प विभाग के सौजन्य से तेज राम के मॉडलों की प्रदर्शनी अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि, लवी, कुल्लु दशहरा,वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प की मार्केट, सूरजकुंड मेले, सहित प्रदेश के सभी राज्य स्तरीय मेलों में लगती रही। तेजराम की एक शिष्या के पति को इस कला के आधार पर पद्मश्री से सम्मानित होने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ है। शुक्रवार को तेजराम के निधन पर शोक स्वरूप पांगणा बाजार बंद रहा। ग्राम पंचायत पांगणा के प्रधान बसंतलाल, उप-प्रधान सुरेश कौशल व सदस्यो, पूर्व प्रधान नरेश कुमार, व्यापार मंडल पाँगणा के समस्त व्यापारी वर्ग, महामाया मंदिर समिति के प्रधान कुशल महाजन, महासचिव अनुपम व कमेटी सदस्यो, सुकेत संस्कृति साहित्य और जन कल्याण मंच पांगणा के अध्यक्ष डॉक्टर हिमेन्द्र बाली, समाजसेवी डॉक्टर जगदीश शर्मा, पतंजलि योगपीठ के जितेन्द्र महाजन, चेतन शर्मा, जगदीश (काकु)युवा प्रेरक पुनीत गुप्ता, राकेश गुप्ता,घनश्याम गुप्ता, रोशन लाल,गोविन्द, प्रथम श्रेणी कॉन्ट्रैक्टर सुरेश शर्मा, पूर्णमल महाजन सहित समस्त पांगणा वासियो ने तेजराम के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# दिल्ली में आप के झूठ का पर्दाफाश, भाजपा पर जनता ने जताया विश्वास: पंकज जम्वाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर** :प्रदेश भाजपा प्रवक्ता बोले देश की राजधानी दिल्ली में अब भाजपा करवाएगी चहुमुखी विकास, पंजाब में भी आम आदमी पार्टी का सूपड़ा होगा साफ हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के झूठ का पदार्फाश कर मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है और अब भाजपा चहुमुखी विकास करवाकर दिल्ली वासियों को अनेकों सौगातों से लाभान्वित करेगी।



शनिवार को मंडी के जोगेंद्रनगर में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने अपने जारी ब्यान में कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में शामिल रहे आप नेता अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को भी मतदाताओं ने जनमत न देकर हार दिलाई है। बताया कि पानी पर सियासत करने वाले आम आदमी पार्टी के नेता भी दिल्ली चुनाव जीत नहीं पाए। पंकज जम्वाल ने दिल्ली चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा के शीर्ष नेताओं और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देते हुए प्रदेश भर के लोगों को भी भाजपा की इस स्वर्णिम जीत पर अपनी शुभकामनाएं दी। इससे पहले पंकज जम्वाल ने अपने कार्यकताओं के साथ दिल्ली चुनावों में जीत दिलाने वाले भाजपा के शीर्ष नेताओं से भी दूरभाष पर बात कर बधाई दी। फोटो-पंकज जम्वाल प्रवक्ता प्रदेश भाजपा।

# दागी कर्मियों व अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे रहे सुक्खू: सतपाल सिंह सत्ती

**पत्रकार वार्ता**

**कहा, छापेमारी से पहले स्थानीय पुलिस ने लीक कर दी सूचना, सरकार ऊना में माफिया की करवाएं जांच**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** पुलिस विभाग के स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा एसआईयू के सदस्य पुलिस कर्मियों के घर पर की गई छापेमारी को लेकर राजनीति भारी उफान पर आ गई है। एक तरफ जहां इस कार्रवाई के बाद कांग्रेस के दर्जनों लोगों ने पार्टी छोड? का ऐलान कर दिया,



वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने इस मसले को लेकर प्रदेश की सरकार को जमकर घेरना शुरू कर दिया है।
शनिवार को जिला मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने दागी अफसर और कर्मचारियों को खास जगह पर नियुक्ति देने का एक ऐसा रिकॉर्ड कायम किया है। इससे आम जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ऊना जिले में कानून व्यवस्था की हालत इस कदर पतली हो चुकी है कि पुलिस के कर्मचारी और कांग्रेस के नेता एक साथ मिलकर सरेआम लोगों से फिरौतियां मांग रहे हैं। विधायक ने कहा कि यहां पर महिला पुलिसकर्मियों सहित पुलिस कर्मचारियों का अपहरण तक हो लिया, लेकिन सरकार ने इस मसले पर कार्रवाई करने की बजाय इसे दबाने के लिए पूरे सरकारी तंत्र को लगा दिया। जिसका नतीजा यह निकला कि आज सरकार को बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था को वापस पटरी पर लाने के लिए अपने ही कर्मचारियों पर छापेमारी करने को मजबूर होना पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि इस छापेमारी के दौरान स्थानीय पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए छापेमारी की सूचना को लीक किया, ताकि छापेमारी की जद में आने वाले लोग समय रहते अपना बचाव कर सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास इस बात के पुख्ता सबूत है कि सूचना को लीक करके इन पुलिस कर्मचारियों को बचाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि जिन पुलिस कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क जैसे अवार्ड पहले दे दिए गए, अब उनके ही खिलाफ छापेमारी करनी पड़ रही है।

# दिल्ली चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बंजार भाजपा ने आतिशबाजी कर जताई खुशी

**ऐतिहासिक जीत**

**विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं की कड़ी मेहनत के कारण जीत संभव हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। 27 वर्षों के बाद भाजपा दिल्ली ने आखिरकार सत्ता में काबिज होने में कामयाब हुई है। इस ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह मिठाइयाँ बांट कर व आतिशबाजी कर खुशी मनाई है। बंजार भाजपा ने भी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का बंजार नगर में मिठाई बांट व आतिशबाजी कर



जश्न मनाया है। इस अवसर विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण यह जीत संभव हुई है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी के झूठ को लताड़ लगा कर भाजपा की नीतियों पर विश्वास किया है। निश्चित तौर पर भाजपा सरकार दिल्ली के विकास और नागरिकों की सुख-समृद्धि के लिए बेहतरीन कार्य कर प्राथमिकता के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कार्य करेगी।दिल्ली में भाजपा की प्रचंड व ऐतिहासिक जीत पर विधायक सुरेंद्र शौरी ने पार्टी कार्यकताओं के साथ लड्डू बाँट कर जश्न मनाया गया। इस ऐतिहासिक जीत के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी और समस्त भाजपा कार्यकताओं को बधाई दी।

## बहेड़ी में कलश यात्रा के साथ शुरू हुई शिव पुराण कथा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** उपमंडल अंब के बहेड़ी में शनिवार को शिव पुराण कथा का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ हुआ। शोभा यात्रा बहेड़ी से शुरू होकर चुरुडू, बड़ूही, दियाड़ा व हंबोली से होते हुए शिव कथा के पंडाल में पंहुची। इस शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। शिव पार्वती की वेषभूषा में कलाकारों द्वारा मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। शिव कथा पुराण में पहले दिन कथावाचक कृष्ण कन्हैया जोशी ने कहा कि शिव पुराण 18 पुराणों में से एक है।

# हिमाचल की पावन पवित्र भूमि के संत ब्राह्मण देव तुल्य: इंद्रेश महाराज

**महासम्मलेन**

**एकादशी पर्व से चलते उमड़ी श्री कृष्ण भक्तों की भीड़, बाबा बाल जी महाराज ने दिया आशीर्वाद**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटला कलां में चल महासम्मलेन के आठवें दिन शनिवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। एकादशी पर्व के चलते सुबह से ही मंदिर में भीड़ उमड ?ी शुरू हो गई और कथा शुरू होने तक पूरा मंदिर श्री कृष्ण भक्तों से भर गया। भक्तों को राष्ट्रीय संत



बाबा बाल जी महाराज ने अपना आशीर्वाद देने के साथ प्रवचनों से निहाल किया।श्रीमद भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन से पधारे परम पूज्य इंद्रेश महाराज ने कहा कि हिमाचल की पावन पवित्र भूमि हमारे भोले बाबा के ससुराल भी है।
इसलिए यहां के संत ब्राह्मण देव तुल्य है। उन्होंने काह कि हिमाचल हमे इतना पसंद है कि बस चले तो हनुमान जी से बोल के हिमाचल को उठा ले जाए, लेकिन ये असंभव है। फिर भी हमारे बृज में गिरिराज जी हिमालय का ही अंग है। उन्होंने कहा कि हमें किसी भी योनी में आकर मुक्ति नहीं मिलती। सिर्फ मानव शरीर में आकर मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि मोक्ष का द्वार मनुष्य योनी है। ये मानव शरीर बड़ा दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि भक्त अपने भगवान के चिन्हों को पहचान लेता है। भक्तों को पता होता है कि भगवान कहां और किस-किस में वस्तु में विद्यमान हैं। वहीं भगवान भी भक्त और संतो के लिए अपनी प्रतिज्ञा के लिए तोड़ देता है। उन्होंने कहा कि साधना की यही पहचान है कि दूसरों की सेवा में अपना सबकुछ न्यौछावर कर दो। उन्होंने कहा कि प्रार्थना एक ऐसी सस्तुति है, जो अपने इष्ट के प्रति बिना किसी देरी के, बिना किसी के सहारे तुरंत परमात्मा के पास पहुंच जाती है।
बाबा बाल जी ने सुनाई एकादशी व्रत कथा
एकादशी पर्व पर राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने एकादशी व्रत की कथा सुनाई। बाबा बाल ने कहा कि जया एकादशी की कथा सुनाते हुए भगवान श्री कृष्ण धर्मराज से कहते हैं कि एक बार स्वर्गपुरी में देवराज इंद्र की सभा में नाच गाने का कार्यक्रम चला था। जिसमें माल्यवन नामक गण गा रहा था और पुष्पवती नामक गण्धर्वी नाच रही थी। इस दौरान माल्यवान और पुष्पवती का चित एक दूसरे में फंस जाने के कारण दोनों के नाच और गाने का सुर-ताल बिगड़ गया। जिससे इंद्र देव ने दोनों को मृत्यु लोक में पिशाचरूप धारण कर उनके किए कर्मों का फल भोगने का श्राप दे दिया।
उन्होंने कहा कि कथा का सार यही है कि सभा में मन में विकार लेकर नहीं बैठा चाहिए, बल्कि भगवान के चरणों में चित लगाना चाहिए। कथा को आगे बढ़ाते कहा कि दोनों का स्वर्ग लोक से पतन हुआ और नर नारायण की तपोस्थली की पावन भूमि पर आ गिरे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री नयना देवी जी में बिजली आपूर्ति के बाधित होने से जनजीवन अस्तव्यस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :** विश्व विख्यात तीर्थ स्थल श्री नयना देवी जी में जहां पर लोग पेयजल के संकट से जूझ रहे हैं। वहीं पर विद्युत बोर्ड भी इस मामले में पीछे नहीं है। जिस कारण सरकार का राजस्व तो प्रभावित हो ही रहा है। फल स्वरुप इसका विपरीत असर व्यापारी वर्ग के व्यापार पर भी पड़ रहा है। प्रतिदिन लगभग बिजली के लगने वाले कट से यहां की बाशिंदों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार.बार लगने वाले बिजली के इन कटों से पेयजल स्कीम भी प्रभावित होती है। क्योंकि भौगोलिक दृष्टि से श्री नयना देवी जी क्षेत्र एक पहाड़ी पर स्थित है। अतः यहां पर पानी लिफ्ट किया जाता है। परंतु जब बार.बार बिजली गुल हो जाती है तो यहां पर पानी भी लिफ्ट नहीं हो पाता और लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी भी प्रभावित हो होती। गौरतलब है कि कोट से श्री नयना देवी जी के लिए 11केवी की लाईन के माध्यम से आपूर्ति की जाती है। परंतु पिछले लगभग छह महीनों से यहां पर विद्युत की आपूर्ति चरमरा सी गई है। कोई ही दिन ऐसा होगा जिस दिन पूरा दिन बिजली की सप्लाई में विघ्न न पड़ा हो। पिछले कल लगभग दो घंटे बिजली गुल रही जबकि परसों बिजली की सप्लाई लगभग तीन घंटे से ज्यादा ठप्प रही। स्थानीय दुकानदारों में शामिल तेजपाल, नरेश कुमार, मनु कुमार, विजय चैधरी, राजकुमार, अशोक कुमार, शीशपाल, रतनपाल, हरिराम, प्रदीप चंदेल इत्यादि दुकानदारों का कहना है कि बार.बार लगने वाले बिजली के इन कटों से उनके व्यापार पर बहुत ही बुरा असर पड़ रहा है। आए दिन मुरम्मत का बहाना बनाकर विद्युत की सप्लाई बंद कर दी जाती है। श्री नयना देवी जी और इसके आसपास गांवों के क्षेत्रों के हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि यदि शाम को पांच बजे के बाद लाइट चली जाए तो कोई गारंटी नहीं है कि रात को बिजली आ जाए। अन्यथा रात अंधेरे में भी गुजारनी पड़ सकती है। इस बाबत जब बिजली बोर्ड के अधिशासी अभियंता मनोज पुरी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि श्री नयना देवी जी के लिए 33केवी का सबस्टेशन प्रस्तावित है। जिसका कार्य एडवांस में किया जा रहा है। जिस कारण बिजली की आपूर्ति बंद की जा रही है।

### ओपीएस बहाली और आउटसोर्स कर्मियों के लिए स्थायी नीति बनाने को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :** ओपीएस की बहाली तथा आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थाई नीति बनाने की मांग के साथ ही विद्युत बोर्ड में युक्तिकरण के विरोध स्वरूप बिलासपुर में विरोध प्रदर्शन किया गया। इंजीनियर गौरव शर्मा तथा राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत चैहान बिट्टू की अगुवाई में ज्वाइंट फ्रंट कमेटी के बैनर तले किए गए प्रदर्शन के दौरान बोर्ड प्रबंधन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई। संगठन ने निर्णय लिया है कि 11 फरवरी को हमीरपुर में प्रस्तावित बिजली महापंचायत में बिलासपुर जिला से कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। जिला मुख्यालय स्थित डिविजन ऑफिस के प्रांगण में विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेताओं ने कहा कि विद्युत बोर्ड में कर्मचारियों की पहले से अत्याधिक कमी है। लंबे अरसे से खाली पड़े पद भरने के बजाए युक्तिकरण का सहारा लेकर पद खत्म किए जा रहे हैं।
युक्तिकरण का विरोध करते हुए लंबे अरसे से खाली पड़े पद भरने, ओपीएस बहाल करने तथा आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए स्थाई नीति बनाने की मांग की गई। यशवंत चैहान ने कहा कि विभिन्न मांगों और मुद्दों को लेकर 11 फरवरी को हमीरपुर में बिजली महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने विद्युत बोर्ड के सभी पेंशनरों के साथ ही जन प्रतिनिधियों और उपभोक्ताओं से इसमें उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि महापंचायत के दौरान बड़े आंदोलन का ऐलान भी किया जा सकता है। विरोध प्रदर्शन में इंजीनियर मनोज पुरी, राजकुमार, दिनेश कौंडल, सुखदेव बंसल, विनोद गुप्ता, यशवंत चैहान, जोगिंद्र सिंह डोगरा, चंदन शर्मा, बृजेश कौशल, रणवीर, सुनील, सुखराम, सुरेंद्र चैधरी, अनिल, अनूप राणा, जितेंद्र, राजेश, बाबूराम, प्रोमिला, रेणू, सुधा, मोनिका व रेखा शर्मा समेत कई अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया।

# विजिलेंस ने महिला अधिकारी सहित उनके लिए रिश्वत लेने वाले चपरासी व एक इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** कुल्लू जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विजिलैंस विभाग की टीम ने खाद्य सुरक्षा विभाग की सहायक आयुक्त, खाद्य इंस्पेक्टर और चपरासी को 1 लाख 10 हजार रुपए की रिश्वत के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।।विजिलेंस ने इस मामले में महिला अधिकारी सहित उनके लिए रिश्वत लेने वाले चपरासी व एक इंस्पेक्टर को भी गिरफ्तार किया है। है विजिलैंस के अनुसार खाद्य सुरक्षा विभाग की सहायक आयुक्त भविता टंडन ने एक शिकायत दबाने के लिए एक होटल कारोबारी से 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।वही इस पर होटल कारोबारी ने इसकी सूचना विजिलैंस विभाग को दी, जिस पर विजिलैंस की टीम ने जाल बिछाया। शिकायतकर्ता जब मांगी गई रिश्वत के पैसों में से 1 लाख 10 हजार रुपए देने दफ्तर पहुंचा तो भविता टंडन ने रिश्वत की रकम खाद्य इंस्पेक्टर पंकज को

**दबोचा**

**शिकातकर्ता ने जैसे ही चपड़ासी को रुपए सौंपे तो वैसे ही टीम ने तीनों को रंगे हाथों दबोच लिया।**

देने को कहा। वहीं पंकज ने यह रकम वहां मौजूद चपड़ासी केशव राम को देने के लिए कहा। शिकातकर्ता ने जैसे ही चपड़ासी को रुपए सौंपे तो वैसे ही टीम ने तीनों को रंगे हाथों दबोच लिया। वहीं दी गई रिश्वत रकम को भी बरामद कर लिया। जानकारी मिली है कि सहायक आयुक्त ने ये रिश्वत होटल में गलत ब्रांड वाले पापड़ और असुरक्षित खाना पकाने का तेल रखने से जुड़े नोटिस को दबाने के लिए मांगी थी। विजिलैंस विभाग के एसपी कुलभूषण वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि विजिलैंस की टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और अब इस मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## बिजली बोर्ड पेंशनरों ने उठाई एरियर भुगतान की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नाहन**

राज्य विद्युत बोर्ड के सिरमौर इकाई की पेंशनर संघ की बैठक शनिवार को नाहन में आयोजित की गई। इस बैठक में बिजली बोर्ड पेंशनर कल्याण संघ के पेंशनरों ने भाग लिया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में बोर्ड प्रशासन से आग्रह किया गया कि 70 से 75 वर्ष आयु वर्ग के जिन पेंशनरों को आंशिक एरियर दिया गया है, उन्हें विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाए। संघ ने कहा कि पेंशनरों को यह स्पष्ट किया जाए कि उन्हें कितनी राशि का भुगतान किया गया है और कितना बकाया है, ताकि वे अपनी वित्तीय स्थिति को सही ढंग से समझ सकें।

# माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में जमा दो के छात्रों का धूमधाम से हुआ फेयरवेल का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**संगराय**

**जोगिंद्रनगर :**माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने बताया कि जमा एक कक्षा की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व खेल कार्यक्रम पेश किए गए। उन्होनें बताया कि इस दौरान रैंप वॉक, कपल डांस,म्यूजिकल चेयर,टाइटल डिस्ट्रीब्यूशन, बैलून गेम, जमा एक की छात्राओं द्वारा बेहतरीन नृत्य व रैप सॉन्ग शामिल रहा।
उन्होंने बताया कि इस दौरान मिस्टर व मिस फेयरवेल का चयन




भी किया गया। जिसमें कृतिका को मिस फेयरवेल व शब्द को मिस्टर फेयरवेल, वीरेन को मिस्टर पर्सनेलिटी व महक अंक को मिस पर्सनेलिटी और आर्यन को मिस्टर 12 व सिद्धि गोयल को मिस प्लस टू के खिताब से नवाजा गया। उन्होनें बताया कि इस दौरान उपस्थित विद्यार्थियों के लिए जल-पान का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ भी विशेष रूप से उपस्थित रहा।

# बडैहर के बच्चों ने वीपीएस स्कूल का किया शैक्षणिक भ्रमण

**भ्रमण**

**प्रधानाचार्य सुनील ने वशिष्ट पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल और अध्यापकों को सम्मानित किया।**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना :** हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा चलाए जा रहे पांच दिवसीय ट्विनिंग प्रोग्राम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडैहर के विद्यार्थियों ने वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना का भ्रमण किया। इस प्रोग्राम में बडैहर स्कूल के 25 छात्रों ने हिस्सा लिया। बता दें ट्विनिंग प्रोग्राम में




स्कूल आपस में साझेदारी करके छात्रों और शिक्षकों के लिए विशेष पाठ्यक्रम, छात्र विनिमय और शोध कार्यक्रम संचालित करते हैं। इसके तहत कक्षा 9वीं व 10वीं के छात्रों को निकटतम माध्यमिक विद्यालयों में भ्रमण करवाया जाता है। विद्यार्थी वहां की बेस्ट प्रैक्टिस का अवलोकन करने के साथ ही स्मार्ट क्लास, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, साफ -सफाई, अनुशासन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं। विद्यालय में विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्य, अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानना और अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना सीखते हैं।
इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत बच्चों ने हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता, साइंस क्विज, पेंटिंग कंपटीशन व अन्य गतिविधियों में बढ़चढकर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर बडैहर स्कूल के प्रधानाचार्य सुनील कौशल ने वशिष्ट पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल और अध्यापकों को सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने बच्चों को ट्विनिंग प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डाला।

# हिमाचल में कांग्रेस सरकार की नाकामयाबी का असर दिल्ली में भी दिखा: बिक्रम ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला :**जनता अब कांग्रेस के झूठ को पहचान चुकी है: बिक्रम ठाकु पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की मंडल बैठक आज जसवां और परागपुर में आयोजित की गई। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आगामी रणनीतियों पर चर्चा की और दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया।इस अवसर पर बिक्रम ठाकुर ने कहा कि दिल्ली की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितकारी नीतियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। उन्होंने कहा कि यह



जनता के भाजपा पर बढ़ते विश्वास और कांग्रेस के झूठे वादों के खिलाफ जनादेश का स्पष्ट संकेत है।बैठक में हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विफलताओं पर भी चर्चा की गई। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की झूठी गारंटियों की पोल अब दिल्ली में भी खुल गई है। जहां-जहां सुक्खू प्रचार के लिए गए, वहां जनता ने उनकी गलतबयानी और खोखले वादों को नकारते हुए भाजपा को समर्थन दिया।उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार के 2साल के कार्यकाल में केवल नकारात्मक राजनीति, झूठे वादे और विकास विरोधी फैसले ही देखने को मिले हैं। कांग्रेस ने चुनावों से पहले 300 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह, पांच लाख नौकरियां, हर गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं, पुरानी पेंशन योजना का संपूर्ण लाभ देने जैसी कई गारंटियां दी थीं। लेकिन सत्ता में आते ही कांग्रेस ने अपने वादों से मुकरना शुरू कर दिया।सरकारी खजाना खाली होने का बहाना बनाकर कांग्रेस सरकार ने जनता पर भारी टैक्स लगा दिए, पेट्रोल-डीजल पर सबसे ज्यादा वैट लगाया और बस किराया बढ़ा दिया। दूसरी ओर, पुरानी पेंशन योजना को लेकर कर्मचारियों को अब तक स्पष्टता नहीं मिली है।बिक्रम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की विफलता ने जनता को निराश किया है। जिस तरह से सरकार ने हजारों युवाओं की नौकरियां छीनीं, हजारों महिला समूहों और कर्मचारियों को ठगा, सरकारी संस्थानों को बंद किया, वह कांग्रेस के जनविरोधी रवैये को दशार्ता है। यही कारण है कि अब हिमाचल की जनता कांग्रेस को सबक सिखाने का मन बना चुकी है।
उन्होंने कहा कि दिल्ली में भी जनता ने यही किया। मुख्यमंत्री सुक्खू जहां-जहां प्रचार के लिए गए, वहां भाजपा को लाभ मिला। हिमाचल की नाकामयाब कांग्रेस सरकार का मॉडल दिल्ली की जनता के सामने भी आया, और उन्होंने कांग्रेस के झूठे वादों को ठुकरा दिया।

# छोटी काशी मंडी में बाबा भूतनाथ मंदिर में हुए कपालेश्वर महादेव के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी :**छोटी काशी मंडी में बाबा भूतनाथ मंदिर में कपालेश्वर महादेव मंदिर की तर्ज पर बाबा भूतनाथ की स्वयंभू शिवलिंग का माखन रूपी श्रृंगार किया गया । यह मंदिर तमिलनाडु में स्थित है । मान्यता है कि जो भी भक्त भगवान कपालेश्वर महादेव के दर्शन करता है उसकी सभी मनोकामना पूरी होती है। बाबा भूतनाथ के महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि आज छोटी काशी में भक्तों ने माखन रूपी श्रृंगार में भगवान



कपालेश्वर के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में स्थित कपालेश्वर मंदिर चारों वेदों की पूजा का केंद्र है और शुक्रपुरी के नाम से भी प्रसिद्ध है। इसके साथ ही यहां पर 37 मीटर ऊंचा भव्य गोपुरम और देवी करपगंबल और 63 शैव संतों की कांस्य नक्काशी भी है । देवानंद सरस्वती ने बताया कि आज छोटी काशी में भक्तों को बाबा भूतनाथ के साथ भगवान कपालेश्वर के दर्शन भी हो रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### कथाकार अंतर्राष्ट्रीय कहानीकार महोत्सव,गॉथिक हॉल,गेयटी थियेटर,शिमला में आयोजित

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

कथाकार अंतर्राष्ट्रीय कहानीकार महोत्सव का आयोजन ऐतिहासिक गोथिक हॉल, गेयटी थिएटर में किया गया। इस महोत्सव का आयोजन निवेश,एचएचएसीएच और बाबाजी म्यूजिक द्वारा संस्कृति मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय (भारत सरकार) के सहयोग से किया गया। इस महोत्सव का क्यूरेशन और निर्माण गहिलोत बहनों,रचना, प्रार्थना और शगुन द्वारा किया गया।

इस आयोजन में प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कहानीकार उसिफु जलोह (सिएरा लियोन) और पोलिना त्सरकासोवा (एस्टोनिया) की प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। इनके साथ ही, अनुभवी संगीतकार शांतनु मोइत्रा ने गायक मोहित चौहान के साथ 'किस्से कहानियाँ और मटरगश्ती' सत्र में एक रोचक बातचीत की, जिसका संचालन प्रार्थना गहिलोत ने किया। महोत्सव में पंजाब के सतपाल वडाली और ग्रुप की संगीत प्रस्तुति भी हुई।

एस्टोनियाई कहानीकार पोलिना त्सरकासोवा ने महोत्सव के बारे में अपनी उत्सुकता जाहिर करते हुए एक दिलचस्प लोक कथा सुनाई, जिसमें एक शिकारी एक फंसी हुई सफेद हंस को बचाता है। उसिफु जलोह ने अपने प्रदर्शन की शुरूआत एक गीत से की, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इसके बाद उन्होंने हिंदी और पञ्जाबी गीत गाए,जिनमें तुझे देखा तो ये जाना सनम, तुम पास आए,और कुछ कुछ होता है और कई और शामिल थे।

सतपाल वडाली ने अपने प्रदर्शन की शुरूआत पहले गीत सांसों की माला पे सिमरूं मैं पी का नाम से की। इसके बाद उन्होंने तुझे देखा तो ऐसा लगा जैसे मेरी ईद हो गई गाया। फिर उन्होंने तू माने या ना माने, असां तां तैनू यार मनया प्रस्तुत किया।

बालीवुड के प्रसिद्ध गायक मोहित चौहान ने कहा कि स्टोरी टेलर्स फेस्टिवल पिछले 14 वर्षों से आयोजित हो रहा है लेकिन पहली इसे शिमला में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहानियां सुनाना एक कला है जैसे कि बचपन में हम अपने दादा दादी नाना नानी से कहानियां सुनते थे। प्रसिद्ध संगीतकार शान्तनु मोइत्रा ने कहा कि स्टोरी टेलिंग में बहुत सी कहानियां हैं। पहाड़ों में भी बहुत सी कहानियां है। इन कहानियों को हम देश विदेश में ले जा सकते हैं। उन्होंने कहां पूरे विश्व में कहानियां में भावनायें एक जैसी ही होती हैं फर्क सिर्फ भाषा का होता है। बातचीत सत्र में मोहित चौहान ने बताया कि उनका सफर अब के सावन जैसे सुपरहिट गीतों से शुरू होकर आज इस मुकाम तक पहुंचा है। महोत्सव के मुख्य संरक्षक और भारत में मंगोलिया के सांस्कृतिक राजदूत मोहित चौहान बताते हैं कि हिमाचल मेरा घर है और अपने घर में कथाकार फेस्टिवल को लाना शानदार अनुभव है। कथाकार की निदेशक प्रार्थना गहिलोत ने कहा कि कथाकार के 15 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हुए हम इस वर्ष दिल्ली सहित तीन शहरों शिमला, जोधपुर और जयपुर में फेस्टिवल का आयोजन कर रहे हैं।14 वर्षों और 18 संस्करणों के बाद,यह महोत्सव भारत और शेष विश्व में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय कहानी कहने के उत्सव का पर्याय बन गया है।

### दिल्ली में भगवा लहराने के बाद देवभूमि हिमाचल में भी जश्न का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** : हिमाचल प्रदेश में आकर महिलाओं और लोगों के साथ झूठ बोलने का भुगतान कांग्रेस नेत्री अल्का लांबा को दिल्ली विधानसभा चुनावों में हार के साथ करना पड़ा है। इसका अंदाजा कांग्रेस पार्टी की दिल्ली विधानसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार हुई हार से लगाया जा सकता है। यह शब्द प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक सुंदरनगर राकेश जंवाल, विधायक दलीप ठाकुर, इंदर सिंह गांधी, जिला भाजपा अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रशांत शर्मा, राकेश वालिया ने शनिवार को जिला मंडी शहर, प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत के बाद आयोजित जश्न के दौरान कही है। संगठनात्मक जिला भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पटाखे फोड़ और मिठाई बांट कर जीत का जश्न मनाया। राकेश जंवाल ने कहा कि दिल्ली में 27 वर्षों के बाद भाजपा की विधानसभा चुनावों में जीत हुई है। देश की राजधानी दिल्ली को पूर्व 11 वर्षों की केजरीवाल सरकार ने लूटने का काम किया है। दिल्ली की जनता ने इस बार विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली चुनाव भाजपा ने जीता है।

# इंडस यूनिवर्सिटी में विकसित भारत पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**मंथन**

▶▶ आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश व तकनीकी नवाचार पर हुआ मंथन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू में विकसित भारत 2047 विषय पर एक भव्य अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस शानदार शैक्षणिक कार्यक्रम में भारत और विश्वभर से प्रख्यात शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन का उद्देश्य आर्थिक विकास, सामाजिक समावेश, तकनीकी नवाचार, शासन सुधार, पर्यावरणीय स्थिरता और वैश्विक नेतृत्व जैसे प्रमुख विषयों पर गहन विचार-विमर्श करना था, ताकि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की रणनीतियां तैयार की जा सकें। सम्मेलन में चीन, उज्बेकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका सहित विभिन्न देशों के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों ने भाग लिया। उनकी उपस्थिति ने वैश्विक सहयोग की महत्ता को रेखांकित किया। इंडस के कुलपति डा. संजय कुमार व रजिस्ट्रार प्रो. जगदेव सिंह राणा ने सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सम्मेलन के जम्मू विश्वविद्यालय से सेवानिवृत प्रोफेसर बीसी शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने सम्मलेन के दौरान शिक्षा, नवाचार और व्यावसायिक उत्कृष्टता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत के आर्थिक और शैक्षणिक विकास में अनुसंधान और नवाचार की भूमिका को रेखांकित किया। कुलपति प्रो. संजय कुमार ने शोध एवं नवाचार की महत्ता पर जोर दिया और इस सम्मेलन को वैश्विक अकादमिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक एवं प्रबंधन संकाय के डीन डॉ. एएच खान ने सम्मेलन की सफलता में योगदान देने वाले सभी विद्वानों, शोधकताओं और विद्यार्थियों के प्रति आभार प्रकट किया।

## डीएवी में नई शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : डीएवी सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में सीबीएसई द्वारा निर्देशित नई शिक्षा नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में विद्यालय के 60 शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

प्रधानाचार्य आरएल पाठक, बबीता जोशी रीना ल्, राम कुमार व शिवानी ने सभी का स्वागत किया। प्रधानाचार्य आरएल पाठक ने कहा कि यह नीति छात्रों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें एक बेहतर और उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करेगी। पाठक ने शिक्षकों को संसाधन व्यक्तियों द्वारा नई शिक्षा नीति पर दी गई जानकारी को आगामी सत्र में क्रियान्वित रूप देने का आहवान किया। पाठक ने कहा कि शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्रों को प्रदान करने के लिए पारंगत करना इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है।

## दिल्ली में भाजपा की जीत के हीरो बने अनुराग ठाकुर : राकेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**विवेकानंद वशिष्ठ**



**हमीरपुर** : जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने शनिवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि पिछले 27 वर्षों का दिल्ली में जो भाजपा का सूखा चला हुआ था, वह आखिरकार इस चुनाव में समाप्त हुआ है। दिल्ली बीजेपी की जीत के असली हीरो हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर जी रहे हैं।

जिला भाजपा अध्यक्ष ने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर दी बधाई

उनकी इस चुनाव में सराहनीय भूमिका रही है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार में संलिप्त होने वाले मुद्दे जैसे शराब माफिया से मिलीभगत एवं शीशमहल का मुद्दा, यमुना की सफाई ना कर पाने का मुद्दा, सडकों में पड़े हुए गड्ढे एवं सीवरेज की अव्यवस्था का मुद्दा आदि कई मुद्दों को समय-समय पर उठाकर दिल्ली में आम आदमी पार्टी की कार्यप्रणाली को आम जनमानस के सामने रखा था।

आज इसी के परिणाम स्वरूप माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु दिल्ली में भाजपा ने अपना परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि आदरणीय अनुराग ठाकुर ने हमेशा से ही देश हित में स्वयं को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ उन्होंने हिमाचल प्रदेश का भी गौरव बढ़ाया है। चाहे हरियाणा, जम्मू कश्मीर और महाराष्ट्र के चुनाव रहे हों वहां भी उन्होंने प्रचार प्रसार किया और भाजपा को प्रचंड जीत मिली।

## नाहन में चिट्टे के साथ तीन गिरफ्तार

**नाहन/टीम एक्शन इंडिया**

सिरमौर पुलिस की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नाहन के कांशीवाला क्षेत्र में सब्जी मंडी के पास तीन युवकों को 15.6 ग्राम चिट्टे (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह नशीला पदार्थ फोर्ड इको स्पोर्ट्स कार (ल्फ26 7714) से बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान रमन (30 वर्ष), अभिलाष ठाकुर (38 वर्ष) और शुभम (31 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना नाहन सदर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। सिरमौर को नशामुक्त करने के लिए अभियान जारी रहेगा

## इंडस ग्लोबल स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए किया गया विदाई समारोह का आयोजन

**विदाई समारोह**

▶▶ 12वीं कक्षा के छात्रों को इस विदाई समारोह में आमंत्रित करके उनका स्वागत किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी** :इंडस ग्लोबल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों को इस विदाई समारोह में आमंत्रित करके उनका स्वागत किया। सभी बच्चे भिन्न-भिन्न पोशाक में बहुत सुंदर दिख रहे थे। सभी ने पार्टी का आनंद लिया। छात्रों ने नाच गाने के साथ समा बांधा। उसके बाद सभी बच्चों ने पार्टी का खूब आनंद लिया। छात्रों ने अपने अनुभव सभी के साथ सांझा किये। तनवीर मिस्टर फेयरवेल, कशिश मिस फेयरवेल, ज्योतिरादित्या मिस्टर पर्सनलिटी, प्रीत कौर मिस पर्सनलिटी को चुना गया। इस भावुक और खुशी भरे माहौल में निदेशक सह प्राचार्य मदन लाल ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं का जश्न

**जोरदार जश्न**

▶▶ चेतन बरागटा बोले- यह जीत मोदी की जन-कल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला** :कोटखाई में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत का जोरदार जश्न मनाया। प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता कोटखाई चौक पर एकत्रित हुए। जहां आतिशबाजी और जय श्रीराम नारों का उद्घोष करते हुए जश्न मनाया गया।बरागटा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए दिल्ली की देवतुल्य जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार की नीतियों पर यह जनता की मुहर हैं। यह जीत कार्यकताओं की मेहनत और पार्टी की जन-कल्याणकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में नई सरकार बनने की बात कही।बरागटा ने कहा दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के झूठे वादों को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली में शुरू हुई विकास यात्रा अन्य प्रदेशों में भी जारी रहेगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हिमाचल में सरकार की उल्टी गिनती शुरू: चैतन्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजन पुरी**

**ऊना** : गगरेट से भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली भाजपा की टीम को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस की खोखली गारंटियों को ठुकराकर भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन, पारदर्शिता और विकास की नीतियों पर जनता की मुहर है।चैतन्य शर्मा ने कहा कि लंबे समय बाद दिल्ली में भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन मिला है, जो यह साबित करता है कि जनता अब भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी की राजनीति को नकार चुकी है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को झूठे वादों और घोटालों के सिवाय कुछ नहीं दिया, जिससे लोग त्रस्त थे। अब भाजपा के नेतृत्व में दिल्ली में एक नई विकास यात्रा शुरू होगी। चैतन्य शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सरकार की उलटी गिनती भी शुरू हो चुकी है, क्योंकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पब्लिक सर्विस कमीशन को नजरअंदाज कर अपने चहेतो को रेवडियां बांट रही है, जिसका जीता जागता प्रमाण विधानसभा में हुई भर्तियां है, जिससे युवा वर्ग ठगा सा महसूस कर रहा है। इसके अतिरिक्त आउटसोर्स भर्तियों के नाम पर भी अपने करीबियों को तरजीह दी जा रही है। जबकि प्रदेश में ड्रग माफिया, खनन माफिया एवं भ्रष्ट्राचार ने ऐसा व्यवस्था परिवर्तन किया है कि जनता पूरी तरह से परेशान है और कांग्रेस पार्टी को दिल्ली की तर्ज पर सत्ता से बाहर करना चाहती है।

## सिरमौर: बारात से लौट रही कार खाई में गिरी, एक की मौत

**नाहन/टीम एक्शन इंडिया**

हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के पच्छाद उपमंडल के नैनाटिक्कर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बारात से लौट रही एक आल्टो कार गहरी खाई में गिर गई, जिससे 28 वर्षीय युवक योगेश शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समीर कुमार (34) गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में कार में सवार अन्य दो लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार, यह चारों लोग सोलन जिले के कुठाड़ (कसौली) से पच्छाद के सेर पडोल (नैनाटिक्कर) में बारात में शामिल होने आए थे। हादसा दोपहर करीब 3 बजे उस समय हुआ जब वे बारात से लौट रहे थे।

रास्ते में केंची मोड़ से आगे एक तीखे मोड़ पर चालक का नियंत्रण खो गया और कार सीधे 200 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

# गरीब के घर का सपना हुआ सरकार: अनिल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खेमचंद शास्त्री**



**मंडी** :सदर विधानसभा क्षेत्र में गरीब की घर का सपना साकार हुआ है। सरकार की ओर से उन पात्र लोगों का मकान बनाने के लिए चयन किया गया जिनके मकान नहीं थे।स्वर्ण जयंती आश्रय आवास योजना 2024-25 के अंतर्गत अनुसूचित जाति से संबंधित परिवारों को घर बनाने के लिए मण्डी विधान सभा में आवंटित की गई। इस मौके पर सदर विधायक अनिल शर्मा द्वारा सभी पात्र लाभार्थियों को बधाई पत्र प्रदान किए गए। विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार विकास को आगे ले जाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा के आला नेताओं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा कार्यकताओं को बधाई देते हुए कहा कि जो पार्टी देश हित में काम कर रही है वह अब जनता की पहली पसंद बन चुकी है। लाभार्थी मुकेश, रामलाल , रोशन लाल, राजेन्द्र कुमार, मस्तराम, प्रेम सिहं, राजकुमार, गोविन्द, कान्ता देवी, रूप लाल, मान सिहं, श्यामलाल, रेशमी देवी, दया राम, सुभाष चन्द, प्रेम सिंह, जय सिंह, राजु , सुभाष चन्द आदि ने खुशी जताते हुए सदर विधायक अनिल शर्मा और सरकार का धन्यवाद किया। ज्ञात रहे एक लाख पचास हजार रुपए की धनराशि इस योजना के तहत गरीब परिवारों को आवंटित की जाती है।

# सीटू ने किया मिड डे मील वर्कर को निजीकरण में शामिल करने का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**हामिद**




**चंबा** :शनिवार को मिड डे मील वर्कर यूनियन की जिला कमेटी की बैठक चंबा में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता विपिन ने की। बैठक में सीटू जिला के अध्यक्ष नरेंद्र व जिला महासचिव सुदेश शामिल रहे। बैठक के संबोधन में सीटू जिला महासचिव सुदेश ने कहा कि देश में केंद्र की सरकार ने बजट पेश किया है। पिछले 10 साल से केंद्र सरकार ने मिड डे मील स्कीम के लिए किसी भी तरह की कोई बढ़ौतरी नहीं की है। इसके विपरीत सरकार योजना को कमजोर कर रही है। बजट न बढ़ाना केंद्र सरकार की मंशा को दशार्ता है । केंद्र सरकार ने मिड डे मील स्कीम को एन जी ओ के हवाले करके इसका निजीकरण करने का रास्ता बनाया है। जिसका यूनियन ने विरोध दर्ज किया है। केंद्र से मिड डे मील वर्कर को केवल 1000 रुपए ही है। मिड डे मील वर्कर देश में बहुत शोषित तबका है। जिसकी हालत को सुधारने के लिए कोई भी कदम सरकारों द्वारा नहीं उठाया जा रहा है। मिड डे मील वर्कर को महीने का केवल 4500 रुपए मानदेय मिल रहा है। इतने कम मानदेय में परिवार चलाना मुश्किल है। इतना मानदेय भी समय पर नहीं मिलता है। मिड डे मील वर्कर के लिए छुट्टियों का कोई प्रबंध नहीं है। केवल दस माह का ही वेतन दिया जाता है। केंद्र सरकार से मिलने वाला मानदेय समय पर नहीं मिलता है।

मिड डे मील वर्कर का भारी शोषण है। मिड डे मील वर्कर को 25 बच्चों की अन्यायपूर्ण शर्त के चलते अपनी नौकरी गंवानी पड़ती है। स्कूलों को बंद किया जा रहा है। स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है जिसके चलते मिड डे मील वर्कर को निकाला जा रहा है। इन्हें किसी प्रकार की कोई आर्थिक सहायता नहीं दी जाती है। जिला चंबा में आज भी कई स्कूलों में लकडि?ों से खाना बनाया जाता है। इस मामले को बार बार विभाग के समक्ष उठाया है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मिड डे मील वर्कर यूनियन अपनी मांगों को लेकर मार्च में विधानसभा का घेराव करेगी।बैठक में दीप सिंह, होशियारा राम, गोकल, तिलक, कुलदीप, चन्नी देवी, नीलम, भीमसेन, ललिता, जगदीश, संदेश, हमारु, नारो, इंदुबाला, सरोज, मोनी, ऋतु, कौशल्या, निशा, चिकणी, सविता, बीना, रूखी, तजबीबी, बिमला, तृप्ता आदि शामिल रहे।

# कांग्रेस के लिये यह चुनाव परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नही आये : प्रतिभा सिंह

**चुनाव परिणाम**

▶▶ पार्टी हार के कारणों का मंथन करेगी और जहां कमियां रहें गई है उन्हें दूर किया जाएगा।



**टीम एक्शन इंडिया**
**चमन शर्मा**

**शिमला** : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि कांग्रेस के लिये यह चुनाव परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नही आये जिसका उन्हें दुख है। कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर लोगों के साथ खड़ी है और हमेशा खड़ी रहेगी। पार्टी हार के कारणों का मंथन करेगी और जहां कमियां रहें गई है उन्हें दूर किया जाएगा।दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामो पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि दिल्ली चुनावों में कांग्रेस नेताओं ने बहुत मेहनत की। लोगों को पूर्व में किये गए कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार के विकास कार्यो को गिनाया और पार्टी की भावी विकास योजनाओं को भी रखा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनमत का आदर करती है। उन्होंने दिल्ली में चुने गए नेताओं को उनकी जीत पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि नई सरकार दिल्ली के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी और लोगों से किये गए अपने सभी वादों को पूरा करेगी।

